**श्रीलंका में भारतीय सैनिक**

472. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका में भारतीय सेना के अनेकों जवान एवं अधिकारी गत मार्च से कार्रवाई कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि उनमें से सेना के अनेक जवान और अधिकारी कार्रवाई में मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं ;

(ग) यदि हां, तो सितम्बर, 1988 तक कुल कितने जवानों और अधिकारियों की मृत्यु हुई है या घायल हुए हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि सरकार ने इन जवानों के लिए विशेष आर्थिक सहायता की घोषणा की है ; और

(ङ) यदि हां, तो सितम्बर, 1988 तक कितने जवान व अधिकारी इस योजना से लाभान्वित हुए है तथा पात्र किन्तु अभी तक लाभान्वित न हो पाने वाले जवानों तथा अधिकारियों की संख्या कितनी है ?

**रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिंतामणि पाणिग्रही) :** (क) भारतीय शांति सेना श्रीलंका में जुलाई, 1987 से तैनात है ।

(ख) और (ग) 30 सितम्बर, 1988 तक 33 अफसर एवम् 572 जूनियर कमीशन अफसर/अन्य रैंक मारे गए तथा 97 अफसर और 1605 जूनियर कमीशन रैंक/अन्य रैंक घायल हुए।

(घ) सरकार ने इन कार्रवाइयों में मारे गए भारतीय शांति सेना के कार्मिकों के नजदीकी रिश्तेदारों को उदारीकृत पेंशन लाभ और कुछ अन्य लाभ दिए जाने की घोषणा की है ।

(ङ) 30 सितम्बर 1988 तक, 20 अफसरों तथा 526 जूनियर कमीशन अफसरों/अन्य रैंकों के मामलों में उदारीकृत पेंशनरी लाभ मंजूर किए जा चुके हैं । 29 अफसरों और 518 जूनियर कमीशन अफसरों/अन्य रैंकों के मामले में सेना समूह बीमा लाभों को अंतिम रूप दिया जा चुका है ।

**दिल्ली में हैजा महामारी के शिकार व्यक्ति**

473. **श्री राम जेठमलानी :**

**सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत जून, जुलाई, एवं अगस्त 1988 में दिल्ली शहर में भारी संख्या में लोग हैजे जैसी महामारी के शिकार हुए थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या दिल्ली नगर निगम के सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस सिलसिले में दिल्ली में अनेकों अधिकारियों को निलम्बित किया गया था ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि बाद में दिल्ली प्रशासन के मुख्य सचिव की रिपोर्ट प्राप्त होने पर इन में से अनेक अधिकारियों को पुनः नौकरी पर वापस ले लिया गया था यदि हां, इन अधिकारियों के नाम क्या हैं; और

(घ) क्या यह भी सच है कि दिल्ली प्रशासन के मुख्य सचिव ने भी कुछ अधिकारियों को कसूरवार पाया है, यदि हां, तो ऐसे अधिकारियों के क्या नाम हैं और उनके खिलाफ अभी तक क्या कार्यवाही की